# हरियाणा में स्थापित हुई एटीएम फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन सेल

## चर्चा में क्यों?

11 अगस्त, 2022 को हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि बढ़ती डिजिटल दुनिया के साथ-साथ एटीएम ठगी के बढ़ते मामलों के मद्देनज़र हरियाणा पुलिस की स्टेट क्राइम ब्रांच द्वारा प्रदेश के सभी 22 ज़िलों में 22 एटीएम फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन सेल (एएफआईसी) की शुरुआत की गई है।

## प्रमुख बिंदु

- प्रवक्ता ने बताया कि गत माह 1 जुलाई, 2022 को शुरू की गई एएफआईसी को स्टेट क्राइम ब्रांच द्वारा प्रदेश के अलग-अलग ज़िलों से 132 अनट्रेस मुकदमे इन्वेस्टीगेशन के लिये सौंपे गए हैं।
- गौरतलब है वर्तमान में एटीएम आम इंसान की ज़िंदगी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। अपराधियों ने इसी महत्त्वपूर्ण हिस्से पर सेंध लगाने का काम किया है। कई बार ऐसे फाइनेंसियल फ्रॉड के मामलों में ज़िला पुलिस द्वारा अनट्रेस रिपोर्ट दे दी जाती है और आरोपी बच निकलते हैं।
- अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (राज्य अपराध शाखा) ओ.पी.सिंह ने इस समस्या को सुलझाने और दोबारा से अनट्रेस मुकदमों पर काम करने के लिये कड़े निर्देश दिये हैं। इसी अवधारणा के तहत हरियाणा में राज्य अपराध शाखा के अंतर्गत एटीएम फ्रॉड इन्वेस्टीगेशन सेल की शुरुआत की गई है, जिसमें ज़िलों के अनट्रेस मुकदमों को सुलझाने का बीड़ा उठाया गया है।
- अक्सर अनुसंधान में सबूतों के अभाव में आरोपी बच जाते है, लेकिन एटीएम फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन सेल की स्थापना इन अपराधों के ध्यान में रखते हुए की गई है, ताकि आम जनता की मेहनत की कमाई को बचाया जा सके।
- वर्तमान में स्टेट क्राइम ब्रांच के अंतर्गत काम करने वाली सेल सभी अनट्रेस मुकदमों का बारीकी से अध्ययन कर रही है, ताकि इन मुकदमों को सुलझा कर अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुँचाया जा सके और आमजन में पुलिस की कार्रवाई एवं निष्ठा के प्रति विश्वास और गहरा हो सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/atm-fraud-investigation-cell-set-up-in-haryana